# सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२३-२०२४

कक्षा:-तीन | विषय:हिंदी | पाठ 1:प्रार्थना (कविता)

**शब्दार्थ**

**पृष्ठ संख्या 8 पर दिए गए सभी शब्दार्थ अपनी कार्य पुस्तिका में कीजिए ।**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**प्रश्न क) कविता में 'दयानिधे' किसे कहा गया है ?**

**उत्तर कविता में दयानिधे ईश्वर को कहा गया है ।**

**प्रश्न ख) हम अपना जीवन किस प्रकार सफल बना सकते हैं ?**

**उत्तर हम दूसरों की सेवा और उपकार करके अपना जीवन सफल बना सकते हैं।**

**प्रश्न ग) हमें किन-किन बातों से दूर रहना चाहिए ?**

**उत्तर हमें छल-कपट ,धोखा , ईर्ष्या, पाखंड, घमंड तथा झूठ जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए ।**

**प्रश्न घ) कविता के आधार पर बताइए कि हमारा जीवन कैसा होना**

चाहिए ?

उत्तर हमारा जीवन शुद्ध-सरल तथा परोपकार करने वाला होना चाहिए ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

क)निर्बल -- जिसमें बल ना हो

हमें किसी भी निर्बल व्यक्ति को सताना नहीं चाहिए ।

ख)छल -- कपट

हमें जीवन में कभी छल नहीं करना चाहिए ।

ग)द्वेष -- ईर्ष्या

हमें अपने दिलों में द्वेष की भावना कभी नहीं आने देनी चाहिए ।

घ)संताप -- कष्ट

ईश्वर की शरण में जाने से सभी संतापों से मुक्ति मिल जाती है ।